# प्रेस नोट दिनाँक-02.10.2023

**(1).** आज दिनांक-02.10.2023 को महात्मा गांधी जयन्ती/लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा पुलिस लाइन चित्रकूट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये गये। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सभी को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालकर बापू जी के बताये गये सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने को प्रेरित किया गया तथा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान की प्रेरणा महात्मा गांधी जी के जीवन से लेना बताया गया। सभी को अपने आस-पास स्वच्छता रखने हेतु बताया गया। महोदया द्वारा बताया गया कि सामाजिक एवं आधुनिक जीवन में महात्मा गांधी जी के सामाजिक मूल्यों व आदर्शों को आत्मसाथ कर एक अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वाहन करना चाहिए एवं भारत के विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत पुलिस विभाग में कार्यरत चतुर्थ क्लास सफाईकर्मियों को कम्बल वितरित कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अनुज कुमार मिश्र, प्रभारी यातायात श्री मनोज कुमार, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, पीआरओ श्री गुलाब त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी/लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये गये तथा पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधि/कर्मचारीगणों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। महोदय द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालकर बापू जी के बताये गये सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने को प्रेरित किया गया महोदय द्वारा बताया गया कि सामाजिक एवं आधुनिक जीवन में महात्मा गांधी जी के सामाजिक मूल्यों व आदर्शों को आत्मसाथ कर एक अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वाहन करना चाहिए एवं भारत के विकास में अपना योगदान देना चाहिए

इसी क्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी/ लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर जनपद के समस्त थाना/चौकियों में थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने थाना/चौकी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये गये तथा महात्मा गांधी द्वारा बताये गये आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित किया गया

**(2).** आज दिनाँक 02.10.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय एवं क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अनुज कुमार मिश्रा की उपस्थिति पुलिस लाइन में भ्रमण कर आरक्षी बैरिक का आकस्मिक निरीक्षण कर साफ-सफाई देखी गयी एवं आरक्षी बैरिक के शौचालय का निरीक्षक कर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**(3).** उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन "वामा सारथी" के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला में पुलिस लाइन में प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण की उपस्थिति में गाधी जयंती के अवसर पर पुलिस लाइन्स में आवासित पुलिस परिवार के बच्चों के मध्य महात्मा गांजी जी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगति में पुलिस परिवार के बच्चे/बच्चियों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया ।

**(4).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाए जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के तहत जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 02.10.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियो टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । जिसमें महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजार, कॉलेज, कोचिंग संस्थान व अन्य सार्वजनिक स्थलों को असामाजिक तत्वो से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हैल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

**(5).** आज दिनाँक 02.10.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग श्री प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त विजय पटेल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी भगनपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग श्री प्रवीण कुमार सिंह
2. आरक्षी आशीष कुमार

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री दीपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा मु0न0 180/2019 धारा 323/504 भादिव के वारण्टी अभियुक्त अभिलाष पुत्र कैलाश लोध निवासी औदहा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पाण्डेय थाना सरधुवा
2. उ0नि0 श्री शिवमणि मिश्रा

**(8).** पुलिस अधीक्षक महोदया चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकार राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री भास्कर मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना राजापुर पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 महिला अभियुक्त एवं 01 बाल अपचारी बालिका को चोरी के जेवरात एवं 04 मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 02.10.2023 को श्री सचिन कुमार जायसवाल पुत्र कामता प्रसाद जायसवाल निवासी कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा थाना राजापुर में सूचना दी गई थी की अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर से सोने चांदी के जेवरात व एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना राजापुर में मु0असं0 183/2023 धारा 457,380 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक राजापुर द्वारा घटना के अनावरण हेतु वरि0उ0नि0 श्री रामवीर सिंह को लगाया गया। वरि0उ0नि0 श्री रामवीर सिंह एवं उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए आज दिनांक 02.10.2023 को मुखबिर की सूचना पर कस्बा राजापुर स्थित हनुमान मंदिर के पास सीसी रोड से अभियुक्त निशा पाठक पत्नी पंकज पाठक निवासी इछना थाना सरांय अकिल जनपद कौशांबी तथा एक बाल अपचारी को चोरी के आभूषण व 04 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। चोरी के माल बरामद की के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1. निशा पाठक पत्नी पंकज पाठक निवासी इछना थाना सरांय अकिल जनपद कौशांबी
2. बाल अपचारी

**बरामदगीः-**

1. 01 जंजीर पीली धातु
2. 01 जोड़ी झुमका पीली धातु
3. 01 अंगूठी पीली धातु
4. 01 मंगलसूत्र
5. 02 जोड़ी पायल सफेद धातु
6. 04 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन

**गिरफ्तार करने वाली टीम**-

1. वरि0उ0नि0 रामवीर सिंह थाना राजापुर
2. आरक्षी उमेंद्र त्रिपाठी
3. आरक्षी शुभम त्रिपाठी
4. आरक्षी अजय वर्मा

5 महिला आरक्षी नीतू नायक